

## एक नजर में

### तेज सिंह पुष्पद बने परगना पंचायत अध्यक्ष

**सारंगपुर 13 फरवरी, सं.** फूल माली समाज परगना पंचायत तलेनी की बैठक गुरुवार को श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम बागवान एवं अंबाराम पुष्पद दुधाना की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में समाज में व्याप्त कुप्रथाओ को समाप्त करने का भी निर्णय लिया गया एवं परगना पंचायत का सामुहिक विवाह सम्मेलन मडोदा में आगामी 15 अप्रैल को करने का निर्णय लिया. साथ ही सर्वसम्मति से परगना पंचायत अध्यक्ष पद पर तेजसिंह, मोहनलाल पुष्पद पोस्टमैन को नियुक्त किया. उपाध्यक्ष विष्णु पुष्पद तारागंज, संजय पुष्पद दुधाना, प्रदीप पुष्पद पढ़ाना, ओम पुष्पद उदनखेड़ी, परगना सचिव निर्मल पुष्पद तलेनी, सह सचिव धर्मेंद्र पुष्पद तलेनी सहित नवीन कार्यकारिणी गठित की गई. बैठक का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने किया एवं आभार बाबुलाल पुष्पद मण्डोदा ने माना. इस मौके पर तलेनी पंचायत अध्यक्ष जगदीश पुष्पद, फूलमाली सोशल उत्थान समिति संस्थापक नरेंद्र पुष्पद, तारागंज पंचायत अध्यक्ष रामचंद्र पुष्पद, मानसिंह पुष्पद, रमेश पुष्पद, रमेश चंद पुष्पद पडाना, बंसीलाल पुष्पद, शिवनारायण पुष्पद दुधाना, कालूराम पुष्पद मंदोदा, जगदीश पुष्पद, हरपाल पुष्पद आदि शामिल रहे. तलेनी, तारागंज, इकलेरा, बाबडल्या, दुधाना, मंडोदा, उदनखेडी, मऊ, पडाना, पचोर, भंडावद, गुलाना, मदाना सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे.

### होलिस्टिक वेल–बीइंग कैंप आयोजित

**राजगढ़ 13 फरवरी, का.** स्टेट एक्शन प्लान फॉर सीनियर सिटीजन के अंतर्गत गुरूवार को वृद्धाश्रम इुजिला चिकित्सालय परिसर राजगढ़ में वरिष्ठ नागरिकों के लिए होलिस्टिक वेल–बीइंग कैंप का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे सहित जिला आयुष अधिकारी डॉ. आरएन गर्ग, पेंशनर संघ के अध्यक्ष दिनेश नागर एवं पीडी सक्सेना उपस्थित रहे. साथ ही आयोजित कैंप के दौरान योग सत्र एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया.

**नरवाई पर सुनवाई : रबी फसल कटाई पर प्रयुक्त हार्वेस्टर पर लगानी होगी स्ट्रॉ मैनेजमेंट डिवाइस..**

# वरना हार्वेस्टर पर लगेगा 15 हजार जुर्माना..!

- बिना स्ट्रॉ डिवाइस के हार्वेस्टर जिले में नहीं करेंगे प्रवेश
- भूसा निकालने वाली डिवाइस के बिना पाए जाने वाले हार्वेस्टरों पर लगेगा 15 हजार तक का जुर्माना
- जिले में फसल कटाई के पश्चात् फसल अवशेषों को जलाना पूर्णत : प्रतिबंधित



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 फरवरी, का. रबी फसल की कटाई के बाद हर साल नरवाई जलाने के मामले सामने आते है. कारण हार्वेस्टर से कटने वाली फसलों के बाद खेतों को साफ करने के नाम पर नरवाई जला दी जाती है. ऐसे में वायु और मृदा प्रदूषण बढ़ जाता है. धुंए से लोगों को भी परेशानी होती है.**

ऐसे में अब उपसंचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संज्ञान लेते हुए पाया कि वर्तमान में गेहूं की अधिकांशत: फसल कटाई कम्बाईन हारवेस्टर द्वारा की जाती है. कम्बाईन हारवेस्टर से कटाई उपरांत फसल की नरवाई में आग लगाने की घटनाओ में तेजी से वृद्धि हुई है. नरवाई जलाने के कारण वायु प्रदुषण एवं आगजनी की घटनाओ से आमजन के स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है. साथ ही खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जनधन, संपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति, जीव–जंतु आदि नष्ट हो जाते है. जिससे व्यापक नुकसान होता है एवं भूमि की उर्वराशक्ति कम होती है. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. मिश्रा द्वारा फसल काटने के उपरांत उसके अवशेषों (पराली/नरवाई) को जलाने से रोकने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण जिला राजगढ़ राजस्व सीमाक्षेत्र के लिए आदेश पारित किया हैं.

जिसमें राजगढ़ जिला अंतर्गत फसल कटाई के पश्चात् फसल अवशेषों को जलाना पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाता है. हारवेस्टर मशीन संचालको को यह अनिवार्य होगा की वह हारवेस्टर मशीन के साथ स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम लगाकर ही फसल कटाई करेंगे एवं खेत पर ही फसल अवशेषों का भूसा बनाकर निपटान करेंगे.

### इस तरह काम करती है डिवाइस

पुआल प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस), विशेष रूप से सुपर एसएमएस, कंबाइन हार्वेस्टर के लिए एक अनिवार्य उपकरण है जो कटाई के दौरान धान के पुआल को काटता, बारीक करता और समान रूप से फैलाता है. यह मौके पर ही अवशेष प्रबंधन को सक्षम बनाता है, जिससे जलाने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है, मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर होता है और अगली फसल की सीधी बुवाई संभव हो पाती है. खेत में पराली का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करके पराली जलाने को कम करता है. हैप्पी सीडर या सुपर सीडर का उपयोग करके बीजों की सीधी बुवाई संभव हो पाती है.

### हार्वेस्टर पर 15 हजार तक का जुर्माना

जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले हारवेस्टर मशीन संचालकों द्वारा हारवेस्टर में स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम नहीं लगाया जाता है, तो क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी. साथ ही बिना स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम लगी हारवेस्टर मशीन से फसल कटाई कराने पर स्ट्रा रीपर मशीन से भूसा बनवाना अनिवार्य होगा. अन्यथा भूमि मालिक एवं हारवेस्टर मशीन संचालक दोनों पर अलग-अलग राशि 5 हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया जाएगा. जिसमें ऐसे भूमि धारक जिनकी भूमि का क्षेत्र 2 एकड़ से कम हैं. उन्होंने 2500 रूपये प्रति घटना, ऐसे भूमि धारक जिनकी भूमि का क्षेत्र 2 एकड से अधिक व 5 एकड़ से कम है 5 हजार रूपए प्रति घटना एवं ऐसे भूमि धारक जिनकी भूमि का क्षेत्रफल 5 एकड या उससे अधिक है 15 हजार रुपए प्रति घटना रहेगा. अतः उक्तल

### थानों में देनी होगी हार्वेस्टर की जानकारी

हारवेस्टर मशीन संचालको को यह अनिवार्य होगा की वह हारवेस्टर मशीन का प्रकार, मशीन /वाहन नं., स्वामी का नाम, संपर्क नं., कार्यक्षेत्र आदि की सूचना सम्बंधित थाना में दर्ज कराएगें. इस हेतु थाना प्रभारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी. पर्यावरण विभाग भोपाल द्वारा जारी नोटीफिकेशन अंतर्गत नरवाई में आग लगाना दंडनीय होगा एवं उल्लंघन पर निम्नाानुसार पर्यावरण क्षति पूर्ति राशि देय होगी. आदेश का उल्लंउघन करने वाले व्याक्ति के विरूद्ध भारतीय न्या य संहिता 2023 की धारा 233 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी.

### जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**राजगढ़ 13 फरवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बताया कि जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न होगा. प्रथम चरण के अंतर्गत 01 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) का कार्य किया जाएगा. द्वितीय चरण फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना का होगा. उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है. बैठक में बताया गया कि जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जो आगे सेक्टर स्तर तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे, ताकि जनगणना कार्य त्रुटिरहित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने डिप्टी कलेक्टिर व जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती ज्योति राजोरे को निर्देशित किया कि जनगणना 2027 से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समय–सीमा में पूर्ण की जाएं. साथ ही संबंधित विभागों के समन्वय से प्रशिक्षण, संसाधन व्यवस्था एवं मैदानी अमले की तैनाती सुनिश्चित की जाए. बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें.

## शिवमहापुराण कथा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 13 फरवरी, सं.** शिवरात्रि के अवसर पर शिव महापुराण कथा का आयोजन शुक्रवार से प्रारंभ हुआ. कथा का नो दिवसीय आयोजन का समापन शनिवार को पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण से होगा. पंडित अनुराग कृष्ण महाराज ने प्रथम दिवस शिव महिमा एवं भगवान शिव के प्रसंग का चित्रण करते हुए बताया कि शिव भोलेनाथ जगत के पालनहार है. महाशिवरात्रि पर्व एवं शिवमहापुराण कथा को लेकर दिनांक 9 फरवरी से विभिन्न धार्मिक आयोजन का क्रम जारी है. जहां पर शिव विवाह समारोह के आयोजन का श्री गणेश किया गया जिसमें लग्न लिखना एवं भेजना एवं



बारात का बाना करना तथा अन्य आयोजन रखे गए. इस कड़ी में नगर के मुंदड़ा कॉलोनी में गुरुवार सायंकाल को शिव जी का बाना भोजन समारोह आयोजित किया गया. जहां पर बड़ी संख्या में महिलाओं सहित पुरुष एवं युवा वर्ग ने सामूहिक भोज महाप्रसादी ग्रहण की. शुक्रवार दोपहर में भव्य कलश यात्रा सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ की गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से शिव महापुराण कथा स्थल अटल चौक पहुंची.

### महाशिवरात्रि के स्वागत में शिवमय हुआ सारंगपुर

**सारंगपुर 13 फरवरी, सं.** अंचल में महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर इन दिनों भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक चेतना की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है. नगर के प्राचीन एवं प्रतिष्ठित शिवालयों सहित क्षेत्र के समस्त मंदिरों में तैयारियों का दौर पूरे शिखर पर है. क्षेत्र के तीर्थ एवं नगर के ऐतिहासिक कपिलेश्वर धाम, तिलभांडेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर महादेव,वटकेश्वर महादेव,गुप्तेश्वर महादेव, चिंतामणेश्वर महादेव, सर्वकामनेश्वर महादेव सहित अंचल के असंख्य शिवालयों में विशेष श्रृंगार, भव्य सजावट एवं दिव्य प्रकाश व्यवस्था की जा रही है.

## जिले में 10 परीक्षा केन्द्रों पर 2450 विद्यार्थी देंगे सीबीएसई परीक्षा

### बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन में होगी ऑन स्क्रीन मार्किंग प्रणाली

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 फरवरी, का.** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएँ फरवरी माह के तृतीय सप्ताह से प्रारंभ होंगी. जानकारी देते हुए सीबीएसई जिला समन्वयक अमित साहा ने बताया कि कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाए 17 फरवरी से 11 मार्च तक आयोजित की जाएंगी, जबकि कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएँ 18 फरवरी से 10 अप्रैल तक चलेंगी. शैक्षणिक सत्र 2025–26 में सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में राजगढ़ जिले में कुल 25 सीबीएसई संबद्ध विद्यालय संचालित हैं. जिले से लगभग 1600 विद्यार्थी कक्षा 10 वीं तथा लगभग 850 विद्यार्थी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे. परीक्षाओं के सुचारु, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन हेतु जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. राजगढ़ जिले में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, मास्टरमाइंड पब्लिक स्कूल, संतोष मित्तल पब्लिक स्कूल, आर.के. कॉन्वेंट स्कूल, ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, जवाहरलाल नेहरू नवोदय विद्यालय, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, प्रोविडेंस कॉन्वेंट स्कूल, फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल. सीबीएसई द्वारा परीक्षा प्रणाली में किए गए नए प्रावधानों को लेकर सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सयम भारद्वाज द्वारा आज राष्ट्रीय स्तर का वेबिनार आयोजित किया गया. वेबिनार के माध्यम से जिला समन्वयकों एवं देशभर के केंद्र अध्यक्षों को परीक्षा संबंधी नवीन गाइडलाइन और निर्देशों की जानकारी दी गई.

वेबिनार में कक्षा 10वीं के लिए दो बोर्ड परीक्षा प्रणाली, कक्षा 10वीं विज्ञान विषय में तीन अलग–अलग सेक्शन, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, सामाजिक विज्ञान में इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र के लिए अलग–अलग सेक्शन आधारित प्रश्नपत्र संरचना, कक्षा 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की नई प्रणाली, जिसे ऑनस्क्रीन मार्किंग नाम दिया गया है. इसके अंतर्गत उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल माध्यम से मूल्यांकन किया जाएगा. जिले के सभी केंद्र एवं सीबीएसई द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं.

## खोयरी बैजनाथधाम पर निकली भोले की भव्य बारात

### बाबा बैजनाथ धाम पर पांच दिवसीय आयोजन जारी, शुक्रवार को रुद्राभिषेक पूजन हुआ



#### गाजे–बाजे से निकलेगी बारात

महाशिवरात्रि पर भोले की बारात का नगर में भव्य आयोजन होगा. इस दिन प्रात: 5 बजे गठ जोड़ा बंधन होगा. दोपहर में बाबा बैजनाथ का दूल्हा रुपी श्रृंगार होगा. सायं 5 बजे शिवजी की छतरी के यहां से गाजे–बाजे, जयकारों के साथ बारात प्रारंभ होगी. जो प्रमुख मार्गो से होते हुए खोयरी धाम पहुंचेगी. जहां बारात की अगवानी की जाएगी. सायं 7 .30 बजे महाआरती की जाएगी.



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 13 फरवरी, का.** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में राजगढ़ के खोयरी धाम स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन चल रहा है. महाशिवरात्रि पर पर नगर में भोले की बारात का भव्य आयोजन होगा. इसको लेकर नगर में तैयारियां जोरों पर जारी है. मंदिर के पुजारी उमेश शर्मा ने बताया कि आयोजन के क्रम में शुक्रवार को भजन कीर्तन, रुद्राभिषेक पूजन का भव्य आयोजन हुआ. आज 14 फरवरी को प्रात: 11 बजे से बिलपत्र, भांग, केसर, चंदन से भोलेनाथ का महारुद्र अभिषेक किया जाएगा.

### रात्रि 10 बजे बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज, छापीहेड़ा 13 फरवरी, सं.** थाना परिसर में आगामी महाशिवरात्रि और ईद, होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. गुरुवार शाम को थाना परिसर में हुई इस बैठक की. अध्यक्षता थाना प्रभारी होकम सिंह मीणा ने की. बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि इस समय बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है और शादी विवाह हो रहे है जिसमें डीजे रात्रि 10 बजे के बाद भी बजाये जा रहे है. रात्रि में डीजे बजाने पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कानूनी कार्यवाहीं की जायेगी. बैठक में नगर परिषद समस्त पुलिस स्टाफ, जनप्रतिनिधि, नागरिक, समाजसेवी और गणमान्य बडी संख्या में उपस्थित रहे. बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी महाशिवरात्रि पर्व और रमजान, होली आदि त्योहारों को आपसी भाईचारे अमन चैन के साथ मनाने की अपील की. सभी समुदायों के लोगों से मिलजुल कर त्यौहार मनाने और किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने का आग्रह किया उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर रहेगी और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी थाना प्रभारी मीणा ने उपस्थित लोगों से सहयोग की अपील करते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने को कहा. नागरिक समाजसेवी ने भी अपने विचार रखे और क्षेत्र में सौहार्द वह भाईचारे का माहौल बनाए रखने का आश्वासन दिया. बैठक के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने त्योहारों को शांति और आपसी एकता के साथ मनाने की बात कही. इस अवसर पर एस आई काशीराम मीणा,बद्री लाल रजक ,कृष्णा सोनी, शेरू चौहान, मोनू भदोरिया, नगर परिषद कर्मचारी राम नागर आदि नागरिक शामिल थे.

## 3 जगह शिविर में 61 यूनिट रक्तदान किया



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 13 फरवरी, का.** शुक्रवार का ब्यावरा, नरसिंहगढ़ एवं पचोर स्थित सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किए गये. तीनों जगह 61 यूनिट ब्लड आया. गौरतलब है कि वैश्य महासम्मेलन द्वारा तीन जगहों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गये. जानकारी के अनुसार ब्यावरा में 20 यूनिट, नरसिंहगढ़ में 19 तथा पचोर में 22 यूनिट ब्लड आया. आगामी दिवस में कुरावर, खुजनेर में भी इसी तरह के रक्तदान शिविर आयोजित करने की बात कही गई है. **रक्तदान शिविर में19 यूनिट रक्त का संग्रह-** नरसिंहगढ़ 13 फरवरी, सं. वैश्य समाज के जनक स्व. नारायण प्रसाद गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के युवा प्रकोष्ठ, तहसील नरसिंहगढ़ के तत्वाधान में शुक्रवार को सिविल हॉस्पिटल नरसिंहगढ़ में दोपहर 12 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 19 यूनिट रक्त दान कर कार्यक्रम को सफल बनाया. रक्तदान शिविर के सफल संचालन में बीएमओ डॉ. गौरव त्रिपाठी तथा अस्पताल स्टाफ का विशेष सहयोग रहा. युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेश विजयवर्गीय ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और चिकित्सकीय टीम के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में मुकेश गुप्ता, जया भंडारी, साधना अग्रवाल और आशीष सिंगी सहित समाज के पदाधिकारियों व युवाओं ने भाग लिया.


## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ (म.प्र.)

apmcnarsingarh@gmail.com

क्र./मंडी/प्रांगण/ 2025-26/1114 नरसिंहगढ़ दिनांक 13/02/2026

### निविदा आंमत्रण सूचना

सभी इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यादेश दिनांक से आगामी 3 वर्ष की अवधि के लिये मंडी प्रांगण में अपनी उपज को विक्रय हेतु लाने वाले कृषक की आवश्यकताओं को देखते हुए निम्नानुसार ठेको की नीलामी दिनांक 06.03.2026 को की जानी है जिसका विवरण निम्नानुसार है.

| क्र. | ठेके का नाम | ठेका अवधि | स्थान | धरोहर राशि | नीलामी की प्रक्रिया | दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कृषक भोजनालय एवं होटल दुकान | 3 वर्ष | अनाज मंडी प्रांगण का ठेका नरसिंहगढ़ | 1 लाख | 15 रूपये मंडी में अनुदान राशि में से कितने कम में भोजन देने की प्रति स्पर्धा में अपने भाव बंद लिफाफे में स्वीकार किया जावेगा | दि. 05.03.26 दोपहर 03 बजे |
| 2 | पान दुकान | 3 वर्ष | अनाज मंडी प्रांगण नरसिंहगढ़ | 10 हजार | प्रति वर्ष के लिए खुली नीलामी बोली प्रक्रिया | दि. 06.03.26 दोपहर 04 बजे |
| 3 | आईस्क्रीम, फल फ्रुट एवं मूंगफली का ठेला | 3 वर्ष | अनाज मंडी प्रांगण नरसिंहगढ़ | 10 हजार | प्रति वर्ष के लिए खुली नीलामी बोली प्रक्रिया | दि. 06.03.26 दोपहर 05 बजे |
| 4 | होटल दुकान | 3 वर्ष | सब्जी मंडी प्रांगण नरसिंहगढ़ | 15 हजार | प्रति वर्ष के लिए खुली नीलामी बोली प्रक्रिया | दि. 06.03.26 दोप. 05.30 बजे |

नोट-
1. उपरोक्तानुसार ठेको की धरोहर राशि नगद, बैंक ड्राफ्ट से स्वीकार की जावेगी.
2. ठेको से संबंधित अन्य कार्यालयीन शर्ते कार्यालय की स्टोर शाखा में अवकाश के दिवस को छोड़कर कार्यायलीन समय में देखी जा सकेगी.
3. कार्यालय द्वारा ठेकों में भाग लेने हेतु सशुल्क टेंडर फार्म कार्यालय द्वारा जारी किये जाकर सभी ठेको में उक्त टेंडर फार्म ही स्वीकार किये जावेंगे.
4. धरोहर राशि ठेका नीलामी से कार्यवाहीं पूर्व तक जमा कराई जा सकेगी.

कृषि उपज मंडी समिति नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़



